RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 26 अप्रैल 2025 | वर्ष 07 | अंक 08 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

## मुंबई : 556 करोड़ रुपये की लागत से बलार्ड पियर पर बने टर्मिनल का उद्घाटन




Page - 2

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## मुंबई : अवैध बांग्लादेशियों को फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई

# 16 एफआईआर दर्ज




**मुंबई :** महाराष्ट्र पुलिस ने अवैध बांग्लादेशियों को फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र जारी करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है. इस मामले में 16 अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई थी, जिन पर बाद में एफआईआर के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज किया था.

सूत्रों के मुताबिक, इसी ईसीआईआर की जांच के लिए अलग-अलग 9 जगहों पर ईडी आज यानी शुक्रवार (25 अप्रैल) को छापेमारी कर रही है. ईडी ने महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों में जारी किए गए फर्जी विलंबित जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्रों के संबंध में मालेगांव में कई स्थानों पर छापेमारी की.

यह मामला महाराष्ट्र पुलिस की ओर से अकोला, अमरावती शहर, अमरावती ग्रामीण, छत्रपति संभाजी नगर, छत्रपति संभाजी नगर ग्रामीण, लातूर, नासिक ग्रामीण और परभणी जिलों में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर ईडी की ओर से दर्ज एउक्क्रपर आधारित है. ये एफआईआर विलंबित जन्म या मृत्यु पंजीकरण आदेश प्राप्त करने के लिए जाली या छेड़छाड़ किए गए दस्तावेज जैसे स्थानांतरण प्रमाण पत्र, स्कूल लिविंग सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, राशन कार्ड आदि जमा करने के संबंध में दर्ज की गई थी. ये एफआईआर मुख्य रूप से विभिन्न तहसीलदारों की लिखित शिकायत के आधार पर दर्ज की गई थी, जिसमें कहा गया था कि आवेदकों ने बदले हुए क्रेडेंशियल के साथ विभिन्न दस्तावेज प्रस्तुत किए थे और जिनका उपयोग ऐसे फर्जी क्रेडेंशियल के साथ विलंबित जन्म प्रमाण पत्र जारी करने के लिए किया गया था.

## मुंबई : जनवरी से मार्च तक 677 किलोग्राम से ज्यादा प्रतिबंधित पदार्थ जब्त; 404 लोग गिरफ्तार



**मुंबई :** पुलिस ने इस साल जनवरी से मार्च तक 677 किलोग्राम से ज्यादा प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किए हैं और शहर में नशीली दवाओं के 348 मामलों में कथित तौर पर शामिल 404 लोगों को गिरफ़्तार किया है। जब्त किए गए प्रतिबंधित पदार्थ की कुल कीमत 22.95 करोड़ रुपये है। आँकड़ों से पता चला है कि शहर में सबसे ज्यादा जब्त किया गया प्रतिबंधित पदार्थ गांजा है। आँकड़ों से पता चला है कि पुलिस ने इस साल की पहली तिमाही में 664 किलोग्राम गांजा और 7.58 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त करने में कामयाबी हासिल की है। आँकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से मार्च तक पुलिस ने हेरोइन की जब्ती से जुड़े 18 मामले दर्ज किए, हेरोइन से जुड़े मामलों में 24 लोगों को गिरफ़्तार किया और 1.87 करोड़ रुपये की कीमत की 0.64 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। पुलिस ने चरस की जब्ती से संबंधित 07 मामले दर्ज किए हैं, चरस से संबंधित मामलों में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है और 2.86 करोड़ रुपये मूल्य की 4.66 किलोग्राम चरस जब्त की है। पुलिस ने गांजा की जब्ती से संबंधित 230 मामले दर्ज किए हैं, गांजा से संबंधित मामलों में 238 लोगों को गिरफ्तार किया है और 1.81 करोड़ रुपये मूल्य का 664 किलोग्राम गांजा जब्त किया है।

## मुंबई : 50 वर्षीय महिला अपने बेटे को चाकू से हमले से बचाने की कोशिश में गंभीर चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती



**मुंबई :** बोरीवली पश्चिम के भीम नगर की 50 वर्षीय महिला अपने बेटे को चाकू से हमले से बचाने की कोशिश करते समय हाथ में गंभीर चोट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती है। यह हिंसक घटना पड़ोसियों के बीच बढ़ते तनाव का नतीजा थी और इसने स्थानीय समुदाय को सदमे में डाल दिया है। महिला सुनीता साल्वे ने सहज रूप से काम किया जब उसने देखा कि उसके 25 वर्षीय बेटे को एक पड़ोसी, 28 वर्षीय बस चालक द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो इएरळ में कार्यरत है। आरोपी ने कथित तौर पर युवक से उसकी बहन से बात करने के लिए कहा, जो विवाद का विषय था और जिसके कारण पहले भी बहस छिड़ चुकी थी।

## ठाणे : मानसून के करीब आने के साथ शहर भर में प्रमुख बुनियादी ढांचे के कामों का निरीक्षण



**ठाणे :** मानसून के करीब आने के साथ, ठाणे नगर आयुक्त सौरभ राव ने घोड़बंदर रोड, जल निकासी व्यवस्था और चल रहे मेट्रो निर्माण सहित शहर भर में प्रमुख बुनियादी ढांचे के कामों का निरीक्षण किया। ठाणे नगर निगम (टीएमसी) के नेतृत्व में इस पहल का उद्देश्य बरसात के मौसम में नागरिकों के लिए सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करना है। अपने दौरे के दौरान, राव ने परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और 20 मई तक सभी आवश्यक कार्यों को पूरा करने का निर्देश जारी किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनता को असुविधा से बचाने के लिए कोई भी शेष या अधूरा काम मानसून के बाद ही शुरू किया जाएगा।

## मुंबई : फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले एक गिरोह का पदार्फाश; 3 लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** पुलिस की साइबर सेल ने दिल्ली में फर्जी कॉल सेंटर चलाने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया और गिरोह चलाने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया. पुलिस ने बताया कि आरोपी लोगों को जीरो इंटरेस्ट रेट पर लोन देने का झांसा देकर ठगा करते थे.

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी कॉल सेंटर के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों को फोन करते थे और उनसे कहते थे कि वह बजाज फाइनेंस और यस बैंक से बोल रहे हैं और जीरो इंटरेस्ट रेट पर लोन दे रहे हैं. इसके बाद वे उनका भरोसा जीतकर नकली मुहर और डॉक्यूमेंट बनाकर अलग-अलग माध्यमों से उनकी ठगी किया करते थे.

पुलिस ने बताया कि उन्हें एक बुजुर्ग ने शिकायत दी थी जिसमें इसी तरह की तरकीब का इस्तेमाल कर ठगों से लगभग 1 करोड़ 14 लाख की ठगी की. इस मामले में मिली शिकायत के आधार पर मुंबई साइबर पुलिस की टीम ने दिल्ली से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है,जो मैक्सिमाइजर मार्केटिंग (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड, आनंद विहार, हरी नगर, नई दिल्ली के नाम से कॉल सेंटर ऑपरेट करते थे.



गिरफ्तार किये गए आरोपियों के नाम शहजाद लाल मो. खान उर्फ रहमान, अनुज उत्तम सिंह रावत उर्फ अनिल कुमार यादव और मोहम्मद आमिर हुसैन है. पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 105 मोबाइल फोन और 1 लैपटॉप बरामद किए गए हैं. पुलिस को जांच में पता चला कि जिस मोबाइल नंबर का इस्तेमाल आरोपी कर रहे थे वो नंबर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज देशभर के अलग-अलग 132 मामलों में नजर आए. जांच में यह भी बात सामने आई है कि आरोपियों ने अलग-अलग प्रकार से नागरिकों का भरोसा जीतकर उनसे करोड़ों रुपये की ठगी की.

मुंबई क्राइम ब्रांच के डीसीपी दत्ता नलावडे ने बताया कि इस मामले में आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट और इठर की तमाम धाराओं के तहत केस रजिस्टर कर लिया गया है,और जांच की जा रही है.

## ठाणे : 26 साल से फरार हत्यारोपी यूपी से पकड़ा



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 1999 में हथकरघा इकाई के मालिक की हत्या करने के मामले में वांछित एक व्यक्ति को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यहां एक अधिकारी ने बताया कि ठाणे पुलिस ने उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और स्थानीय पुलिस की मदद से 22 अप्रैल को उप्र के सिद्धार्थ नगर से आरोपी विनोद कुमार श्यामलाल गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया।

अधिकारी ने बताया कि गुप्ता (49) डुमरियागंज के परसाहेतीम (तरकुलवा) गांव में दवा की दुकान चलाता था। अधिकारी ने बताया कि गुप्ता 29 मई 1999 को भिवंडी में एक हथकरघा फैक्टरी के मालिक जिगर महेंद्र मेहता के अपहरण और हत्या की घटना में कथित रूप से शामिल था। पुलिस के अनुसार, उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या), 363 (अपहरण), 387 (जबरन वसूली), 397 (डकैती) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

मामले के विवरण के अनुसार, बिजली की आपूर्ति जानबूझकर काट देने के बाद मेहता को देर रात उनके कारखाने में बुलाया गया था और गुप्ता ने सह-आरोपी राजू मेहता उर्फ बिशनसिंह लक्ष्मणसिंह सावत (अभी भी फरार) और कमलेश रामलखन उपाध्याय के साथ मिलकर उन पर कथित तौर पर हमला किया था।

## संपादकीय...



# खून के साथ जल नहीं...

फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

कश्मीर घाटी के पहलगाम आतंकी हमले की प्रतिक्रिया में भारत की मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर वज्र-प्रहार किए हैं। राजनयिक संबंध लगभग तोड़ दिए गए हैं और 1960 की ऐतिहासिक सिंधु जल संधि तुरंत प्रभाव से स्थगित कर दी गई है। यह संधि विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई थी। अब पाकिस्तान वालों को भारत आने का, किसी भी तरह का, वीजा नहीं दिया जाएगा। सार्क देश होने के कारण जो छूट थी, उसे भी रद्द कर दिया गया है। राजनयिकों को भारत छोड को मात्र एक सप्ताह का वक्त दिया गया है। नई दिल्ली स्थित पाकिस्तान के उच्चायोग में रक्षा, नौसेना, वायुसेना, थलसेना आदि के सलाहकारों को भी 48 घंटे में भारत छोड के आदेश दे दिए गए हैं। अटारी-वाघा सीमा चेकपोस्ट को बंद कर दिया गया है। इस रास्ते से भारत में प्रवेश करने वाले पाकिस्तानी एक मई से पहले लौट जाएं। पाकिस्तान उच्चायोग में 55 कर्मचारियों की संख्या घटा कर 30 तय कर दी गई है। भारत भी इस्लामाबाद से अपने सैन्य सलाहकार और राजनयिक वापस बुला रहा है। बेशक जल संधि रोकने से तुरंत प्रभाव नहीं पड़ेगा। पानी निर्बाध होता है और भारत से बहुत सा पानी बहकर पाकिस्तान को जाता रहा है। यदि अब उसे रोकना है, तो भारत सरकार को कुछ छोटे बांध बनाने होंगे और पनबिजली परियोजनाएं भी शुरू कर पानी को बांधा जा सकता है। फिलहाल गर्मी के बाद मॉनसून के मौसम में बारिश से जल-संकट इतना महसूस न हो, लेकिन दिसंबर के सर्द मौसम से अप्रैल तक पाकिस्तान में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है। वहां की खेती, बिजली और उद्योग सिंधु जल प्रणाली के भरोसे ही हैं। लाहौर, कराची, मुल्तान जैसे प्रमुख शहर सिंधु जल पर ही आश्रित हैं। पानी को रोक देने से 23 करोड़ से अधिक लोगों के सामने भरण-पोषण और खाद्य-संकट गहरा सकते हैं। बहरहाल मोदी सरकार ने इस बार आतंकी हमले का प्रतिशोध इस तरह लिया है, जिससे पाकिस्तान की अवाम सीधे तौर पर प्रभावी हो। कई बार सिंधु जल संधि को स्थगित करने का विचार किया गया, लेकिन अवाम को देखते हुए उस फैसले को टालना पड़ा। इस बार भारत पराकाष्ठा की मुद्रा में है। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट कमेटी ने पाकिस्तान पर जो प्रतिघात किए हैं, उनकी स्पष्ट व्याख्या यह है कि खून के साथ जल नहीं बह सकता। जिस तरह आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते, उसी तरह आतंकिस्तान के साथ जल साझा नहीं किया जा सकता। बहरहाल पाकिस्तान पर यही पाबंदियां ही पर्याप्त नहीं हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok




# पीक सीजन में आम लोगों को कंफर्म टिकट मिलना दूभर... रेलवे का तत्काल सिस्टम भी फेल



**मुंबई :** जब बात कम किराए और आरामदायक सफर की होती है तो लोग रेलवे को याद करते हैं। लेकिन पीक सीजन में ऐसा होते हुए नहीं दिख रहा है, क्योंकि आम लोगों को कंफर्म टिकट मिलना दूभर हो गया है। हद तो तब हो गई, जब रेलवे का तत्काल सिस्टम भी फेल हो रहा है और लोगों के हाथ निराशा ही लग रही है। बता दें कि मई व जून के महीने में कई लोग मुंबई से उत्तर भारत की यात्रा करते है। लोगों का प्रमुख गंतव्य यूपी व बिहार में है, लेकिन परेशानी यह है कि कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। इससे यात्री परेशान हैं। उत्तर प्रदेश के जौनपुर के रहनेवाले २२ वर्षीय आदर्श उपाध्याय गोरेगांव स्टेशन पर पिछले दो दिनों से तत्काल की लाइन में खड़े थे। पहले दिन उनका नंबर १५वें स्थान पर था, जब उनका नंबर आया तो पता चला कि तत्काल में वेटिंग हो गया है। दूसरे दिन उनका नंबर ८वां था, लेकिन इस बार भी उन्हें कंफर्म टिकट नही मिला।

उन्होंने बताया कि गांव में शादी है। परिवार सहित जाना है, लेकिन पिछले कुछ दिनों से टिकट ही नहीं मिल पा रहा है। बोरीवली स्टेशन पर लाइन में खड़े चंदन मिश्र ने बताया कि दलाल स्लीपर टिकट का ढाई हजार और एसी टिकट का ४,५०० रुपए मांग रहे है, लेकिन इतने पैसे नही हैं इसलिए वह तत्काल टिकट की फिराक में है।

**काम कर रहा बड़ा रैकेट**

एक अन्य व्यक्ति ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रेलवे में टिकट की कालाबाजारी हो रही है। इसमें रेलवे के कुछ कर्मचारी भी शामिल हैं। प्रशासन अगर सख्ती से जांच करे तो बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हो सकता है। लाइन में लगे लोगों ने बताया कि रात करीब ९ बजे एक सुरक्षाकर्मी उनकी फोटो निकालकर ले जाता है। सुबह ७ बजे तक ३-४ बार फोटो खींची जाती है, ताकि वास्तविक लोगों को ही मौका मिले। एक यात्री ने बताया कि काउंटर पर पहुंचने से पहले आधार कार्ड की कॉपी भी ली जाती है। काउंटर पर सुबह ७:५५ बजे तक भेज दिया जाता है। सीएसएमटी पर पांच काउंटर हैं। रातभर लाइन में लगे दस लोगों को 'गोल्डन पीरियड' का लाभ मिलने की उम्मीद रहती है। एक अधिकारी ने बताया कि भारतीय रेलवे में करीब ७,४०० पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) हैं। सुबह लगभग ८ बजे काउंटर खुलते हैं।

**समर स्पेशल भी फुल!**

यात्री नदीम सिद्दीकी को बिहार के मुजफ्फरपुर जाना है। उन्होंने बताया कि रेलवे समर स्पेशल ट्रेन चला रही है, लेकिन इसका भी कोई फायदा नहीं है। यहां भी दलालों ने कब्जा कर लिया है और कंफर्म टिकट तो दूर, यहां वेटिंग भी नहीं, बल्कि रिग्रेट दिखाई दे रहा है। मध्य रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि कई समर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं। तत्काल सिस्टम में आईआरसीटीसी के एजेंट भी लॉगिन करते हैं इसलिए टिकट का लोड बढ़ जाता है।

# मुंबई : 556 करोड़ रुपये की लागत से बलार्ड पियर पर बने टर्मिनल का उद्घाटन




**मुंबई :** बलार्ड पियर पर एक नया क्रूज टर्मिनल खोला गया है, जिसका उद्घाटन केंद्रीय मंत्री सवार्नंद सोनोवाल ने किया। 556 करोड़ रुपये की लागत से बने इस टर्मिनल की क्षमता हर साल 10 लाख से अधिक विदेशी यात्रियों को भारत लाने की है। यह प्रोजेक्ट 2018 में शुरू हुआ था, लेकिन फंडिंग और संचालन में बाधाओं के कारण इसमें देरी हुई। टर्मिनल का विकास सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत किया गया है। इसमें 4.15 लाख वर्ग फुट का क्षेत्रफल है, जिसमें 22 लिफ्ट, 10 एस्केलेटर और 300 गाड़ियों की पार्किंग की सुविधा है। यह टर्मिनल एक साथ 2 बड़े क्रूज जहाजों को संभाल सकता है।

**मल्टी लेवल कार पार्किंग की भी सुविधा**

मुंबई पोर्ट ट्रस्ट (बीपीटी) ने दक्षिण मुंबई में 4.15 वर्ग फीट परिसर में क्रूज टर्मिनल का निर्माण किया है। सोमवार से टर्मिनल को क्रूज के संचालन के लिए खोल दिया गया है। लेकिन टर्मिनल के मल्टी लेवल कार पार्किंग और कमर्शियल परिसर का कुछ काम अभी बाकी है। एनबीटी के मुताबिक, बीपीटी के अक्टूबर, 2025 तक कार पार्किंग और कमर्शियल परिसर का बचा हुआ काम पूरा कर लिया जाएगा। 4.15 लाख वर्ग फुट के टर्मिनल के 2.07 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र का उपयोग कमर्शियल इस्तेमाल के लिए होना है। टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ग्राउंड और पहली मंजिल पर 72 चेकिंग और इमिग्रेशन काउंटर तैयार किए गए हैं। यहां दुकानें, खाने-पीने की जगह, घूमने की जगह भी है।

# मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक मई से आभूषण का निर्यात शुरू हो जाएगा



**मुंबई :** रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने कहा कि मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक मई से हाथ में लेकर जाने वाले आभूषण का निर्यात शुरू हो जाएगा। जीजेईपीसी ने कहा कि इस पहल से खास तौर पर उभरते निर्यातकों को लाभ होगा, क्योंकि इससे उन्हें वैश्विक बाजारों में व्यक्तिगत रूप से आभूषण ले जाने की सुविधा मिलेगी।

जीजेईपीसी ने इसे देश के रत्न एवं आभूषण कारोबार के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर बताते हुए कहा कि इसमें सहायता के लिए पहले ही एक समर्पित हवाई अड्डा कार्यालय स्थापित कर दिया गया है। शीर्ष उद्योग निकाय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने इस साल 28 मार्च को इस प्रक्रिया को औपचारिक रूप दिया, जिससे व्यक्तिगत परिवहन के माध्यम से आयात या निर्यात संभव हो सकेगा।

इस संबंध में 24 अप्रैल, 2025 को हवाई अड्डे पर एक अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। इसमें भारत डायमंड बोर्स, बीवीसी, प्रीशियस कार्गो कस्टम्स क्लीयरेंस सेंटर (पीसीसीसीसी), हवाई अड्डा सीमा शुल्क विभाग और जीजेईपीसी की भागीदारी रही। जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा, ''एक मई, 2025 को मुंबई हवाई अड्डे से हाथ में ले जाने वाले आभूषण के निर्यात की शुरूआत के साथ, हम भारत के रत्न और आभूषण व्यापार के लिए एक नए युग की शुरूआत कर रहे हैं।''

# मुंबई : नालों की सफाई से जुड़े ठेकेदारों को मनपा ने चेताया...

## नालों से निकाली गई गाद को दो दिनों के भीतर निस्तारित किया जाना चाहिए

**मुंबई :** मानसून को देखते हुए मनपा नालों की सफाई में जुट गई है। मनपा ने एक निर्देश जारी कर नालों की सफाई से जुड़े ठेकेदारों को चेताया कि नालों से निकाली गई गाद को दो दिनों के भीतर निस्तारित किया जाना चाहिए। वहीं आवश्यक स्थानों पर ट्रैश बूम का प्रयोग किया जाना चाहिए। नालों की सफाई के लिए २३५ करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं, वहीं मानसून आने में ५० दिन बचा है, लेकिन ७० प्रतिशत नालों की सफाई अभी बाकी है।

मानसून पूर्व कार्यों के अंतर्गत मुंबई क्षेत्र में बड़े और छोटे नालों से गाद निकालने का कार्य मनपा कर रही है। मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने मुंबई शहर क्षेत्र के वर्ली स्थित रेसकोर्स नाला, नेहरू विज्ञान केंद्र नाला और दादर धारावी नाला से गुरुवार को गाद निकालने के कार्य का निरीक्षण किया। इसके बाद मीडिया से बातचीत करते हुए



गगरानी ने कहा कि मुंबई महानगर की जल निकासी प्रणाली नालों पर आधारित है।

हर वर्ष मानसून से पहले नालों की सफाई और गाद निकालने का कार्य किया जाता है। हर साल की तरह इस वर्ष भी बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने नालों की गाद निकालने का कार्य हाथ में लिया है। छोटे-बड़े नालों से गाद निकालने के लिए महानगरपालिका २३५ करोड़ रुपए खर्च कर रही है। अब तक मानसून पूर्व लक्ष्य का लगभग ३० प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। मानसून शुरू होने में अभी सवा महीने का समय बचा है। शेष सवा महीने की अवधि में यह कार्य तेजी से पूरा कर लिया जाएगा, यह उनका दावा है।

उन्होंने आगे बताया कि इस वर्ष नालों की गाद निकासी के कार्य में अधिक पारदर्शिता लाई गई है। गाद निकासी, वजन माप, परिवहन और निस्तारण से संबंधित सभी वीडियो क्लिप का विश्लेषण मनपा प्रशासन कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली की सहायता से कर रहा है। इस अवसर पर पहली बार गाद निकासी कार्य के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता प्रणाली का उपयोग हो रहा है। इससे नालों की गाद निकासी कार्यों की सही निगरानी और पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने में प्रशासन को मदद मिल रही है।

# नवी मुंबई : जल टैक्सी सुविधा वाला भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा ...



**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने आगामी नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआईए) के लिए मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के कार्यान्वयन का निर्देश दिया है, जिसमें एक अग्रणी जल टैक्सी सेवा की शुरूआत भी शामिल है, जो इसे इस तरह की सुविधा वाला भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा बना देगा। शहर और औद्योगिक विकास निगम (सिडको) के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए, फडणवीस ने एकीकृत और पर्यावरण के अनुकूल शहरी बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने मल्टीमॉडल परिवहन प्रणालियों और सौर ऊर्जा के बढ़ते उपयोग द्वारा संचालित नवी मुंबई को एक समृद्ध, टिकाऊ शहर के रूप में विकसित करने में सिडको की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। सीएम ने जोर देकर कहा कि एनएमआईए में आवश्यक विमानन सुविधाएं शुरू से ही मौजूद होनी चाहिए।

उन्होंने एक मजबूत सामान्य विमानन प्रणाली के विकास को प्राथमिकता देने का सुझाव दिया, यह देखते हुए कि कई अंतरराष्ट्रीय निजी विमान मुंबई में उतरते हैं। इसे समायोजित करने के लिए, उन्होंने उच्च गुणवत्ता वाले विमान पार्किंग बुनियादी ढांचे और समर्पित विमान रखरखाव और मरम्मत सेवाओं पर जोर दिया। फडणवीस ने हवाई अड्डे के लिए सभी सड़क, रेल, मेट्रो और जल परिवहन लिंक को समय पर पूरा करने का भी आ''ान किया। उन्होंने कहा, ''हवाई अड्डे से कनेक्टिविटी निर्बाध और बिना देरी के पूरी होनी चाहिए।''

# मुंबई :अवैध इमारत को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए पालघर जिला कलेक्टर को निर्देश...




**मुंबई :** मुंबई हाई कोर्ट ने नालासोपारा-पूर्व में बनी एक पांच मंजिला अवैध इमारत को लेकर कड़ा रुख अपनाते हुए पालघर जिला कलेक्टर को निर्देश दिया है कि वह संबंधित पक्षों की सुनवाई कर इस इमारत की वैधता की जांच करें और यदि अवैध पाई जाए तो इसे ध्वस्त कर दें। रिपोर्ट के अनुसार, यह आदेश सामाजिक कार्यकर्ता कमलाकर फाटकरे द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) के जवाब में आया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन संबंधित अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। फाटकरे ने २१ सितंबर २०२४ को सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन किया था, जिसमें उन्होंने एंथनी हाई स्कूल के सामने बनी इस इमारत की जानकारी मांगी। २२ अक्टूबर २०२४ को वसई-विरार सिटी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन वीवीसीएमसी ने जवाब दिया कि इस जमीन पर किसी भी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं दी गई है। इसके बाद २५ नवंबर २०२४ को फाटकरे ने असिस्टेंट कमिश्नर और वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक को पत्र लिखकर इस अवैध निर्माण की जानकारी दी और तुरंत कार्रवाई की मांग की।

**इमारत में संपत्ति का लेन-देन**

याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है कि दो बिल्डरों ने इस अवैध इमारत के फ्लैट्स को बिना पंजीकृत अनुबंधों के जरिए लोगों को बेच दिया। फाटकरे ने कोर्ट से अपील की कि वह अवैध इमारत में संपत्ति के लेन-देन पर रोक लगाए। मुख्य न्यायाधीश आलोक अराध्ये और न्यायमूर्ति एम. एस. कर्णिक की खंडपीठ ने बुधवार को याचिका का निपटारा करते हुए जिला कलेक्टर को निर्देश दिया कि सभी पक्षों को सुनकर उचित निर्णय लें और यदि अवैधता सिद्ध होती है तो इमारत को गिरा दिया जाए।

# मुंबई : मच्छरों के प्रजनन स्थलों को ढूंढ़ने के लिए ड्रोन का सहारा

**मुंबई :** मच्छरों के बढ़ते आतंक ने 'ईडी' २.० का भेजा इस कदर खराब कर दिया है कि उसे मुंबई मनपा को फटकार लगानी पड़ी है। इस फटकार से सकपकाई मनपा ने मच्छरों के प्रजनन स्थलों को ढूंढ़ने के लिए ड्रोन का सहारा लेने लगी है। इतना ही नहीं, मनपा आयुक्त व प्रशासक भूषण गगरानी तक को मच्छर उन्मूलन समिति की समीक्षा बैठक बुलानी पड़ी है। इस बैठक में उन्होंने मच्छर प्रजनन स्थलों की पहचान करने के लिए संयुक्त दौरे और आधुनिक तकनीक के उपयोग का निर्देश दिया। साथ ही मलेरियामुक्त मुंबई के लिए फोकस्ड बेस्ड १-३-७ रणनीति अपनाने को कहा है। इसके तहत पहले दिन मलेरिया रोगी की पहचान, तीसरे दिन तक सहवासी व्यक्तियों का सर्वेक्षण, सातवें दिन तक प्रभावित क्षेत्र में सर्वेक्षण और रोकथाम उपाय किए जाते हैं।



महाराष्ट्र में जनवरी २०२४ से लेकर ३१ मार्च २०२५ तक मलेरिया के कुल २३,१७५ मामले सामने आए हैं, जबकि २६ की मौत हुई है। बताया गया है कि इसमें सर्वाधिक मामले मुंबई में मिले हैं। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई जैसे शहर में मच्छरों के बढ़ते आतंक को देखते हुए राज्य सरकार ने गंभीरता से लेते हुए मनपा को फटकार लगाई है। इसके बाद मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए मच्छर नियंत्रण उपाय और दौरे किए जा रहे हैं। साथ ही उच्च जोखिम वाले स्थलों पर अत्याधुनिक तकनीकों का प्रयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही मच्छरों के उच्च जोखिम वाले प्रजनन स्थलों की पहचान के लिए ड्रोन तकनीक का प्रयोग कीटनाशक विभाग द्वारा शुरू किया गया है।

**भाग मच्छर भाग मोबाइल एप**

मच्छर रोकथाम उपायों के तहत 'भाग मच्छर भाग' नामक मोबाइल एप्लिकेशन नागरिकों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इस ऐप के माध्यम से स्कूल, कॉलेज, सरकारी और निजी संस्थानों में जनजागरूकता पैष्ठलाई जाएगी। वर्ष २०२२ में १३.६ लाख रक्त नमूनों की जांच हुई और ३,९८५ मलेरिया मरीज सामने आए। इसी तरह वर्ष २०२३ में १३.९८ लाख नमूनों की जांच में ७,३१९ मरीज सामने आए। साथ ही वर्ष २०२४ में १५.१ लाख नमूनों की जांच में ७,९३९ मरीज सामने आए।

# मुंबई : छोटा राजन के करी को आरोप मुक्त करने से कोर्ट का इनकार



**मुंबई :** मकोका कोर्ट ने छोटा राजन के करीबी सहयोगी प्रदीप मडगांवकर (52) को आरोप मुक्त करने से इनकार कर दिया है। प्रदीप मडगांवकर पर 2006 में व्यापारियों और बिल्डरों से जबरन वसूली के मामले में मामला दर्ज किया गया था। कोर्ट ने मडगांवकर की याचिका खारिज करते हुए कहा कि इस समय उनके खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि छोटा राजन के गिरोह ने मुखबिर से 10 लाख रुपये की जबरन वसूली की और हत्या की धमकी देकर उससे और अन्य लोगों से 20 लाख रुपये की अतिरिक्त वसूली करने का प्रयास किया। यह मामला शुरू में दिसंबर 2005 में दर्ज किया गया था। राजन की गिरफ्तारी के बाद मामले की जांच सीबीआई ने की। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि मडगांवकर समेत गिरोह ने निवासियों को धमकाया और उन्हें पुनर्विकास परियोजनाओं को अपनी पसंद के डेवलपर्स को सौंपने के लिए मजबूर किया। इसी तरह, आरोपियों ने शिकायतकर्ता को धमकाया और उससे जबरन वसूली की। मडगांवकर के बचाव पक्ष के वकील ने आरोप मुक्त करने का तर्क देते हुए कहा कि आरोप तय करने के लिए पर्याप्त सबूत या प्रथम दृष्टया मामला नहीं है। बचाव पक्ष ने परीक्षण पहचान परेड में खामियों सहित प्रक्रियागत खामियों का भी हवाला दिया।

# रेस्क्यू ऑपरेशन पर शिंदे-फडणवीस में क्रेडिट वॉर... महायुक्ति में ये क्या

**मुंबई :** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की महाराष्ट्र वापसी के प्रयासों को लेकर राज्य में सत्तारूढ़ महायुति में शामिल भाजपा और एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना द्वारा किये जा रहे दावों से प्रतीत होता है कि उनमें श्रेय लेने की होड मची है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने जहां शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के निर्देश पर राज्य सरकार द्वारा की गई विशेष उड़ानों की व्यवस्था के जरिये अब तक 500 पर्यटकों को राज्य में वापस लाया गया है, वहीं शिवसेना इसका श्रेय शिंदे को दे रही है।

शिवसेना ने कहा कि उसके द्वारा चार अलग-अलग उड़ानों से श्रीनगर से 520 यात्रियों को वापस लाया गया है और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने व्यक्तिगत रूप से राहत प्रयासों की निगरानी की। शिंदे के कार्यालय के एक पदाधिकारी ने बताया, '520 पर्यटकों का हवाई खर्च शिवसेना ने वहन किया।' इस बीच सीएमओ की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि 237 पर्यटकों का एक और जत्था शुक्रवार को महाराष्ट्र पहुंचेगा।

इसमें यह भी कहा गया है कि फडणवीस ने बृहस्पतिवार को कैबिनेट मंत्री गिरीश महाजन के साथ स्थिति की समीक्षा की।

फडणवीस के हवाले से कहा गया है कि अगर बचे हुए पर्यटकों को वापस लाने के लिए और उड़ानों की जरूरत पड़ी तो राज्य सरकार इसका खर्च उठाएगी। हमले के तुरंत बाद महाराष्ट्र सरकार ने जम्मू कश्मीर से पर्यटकों को वापस लाने के प्रयास शुरू कर दिए, जिसके



लिए बुधवार को फडणवीस ने महाजन को समन्वय का जिम्मा सौंपा। सरकार ने घोषणा की कि हमले में मारे गए पर्यटकों के शव लाए जाने को लेकर कैबिनेट मंत्री आशीष शेलार और मंगल प्रभात लोढ़ा मुंबई हवाई अड्डे पर समन्वय के लिए मौजूद रहे। पुणे में माधुरी मिसाल को यह जिम्मेदारी सौंपी गई। वसेना ने अपने मंत्रियों गुलाबराव पाटिल और योगेश कदम को हवाई अड्डे पर भेजा। शिंदे खुद बुधवार को पर्यटकों को राज्य में वापस लाने के प्रयासों में तेजी लाने के मद्देनजर श्रीनगर के लिए रवाना हुए और दो दिनों तक वहां डेरा डाले रहे।

सत्तारूढ़ सहयोगी दलों के एक दूसरे पर हावी होने के इस खेल को लेकर विपक्ष ने निशाना भी साधा। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल लोग अपना प्रचार करने में लगे हुए हैं और वे पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले जैसी घटनाओं को भी नहीं छोड़ रहे हैं। कांग्रेस विधायक दल के नेता ने दावा किया कि हमले में अपने परिजनों को खोने वाले या घायल हुए महाराष्ट्र के लोगों को हिम्मत देने के बजाय उपमुख्यमंत्री शिंदे ने 'बिना किसी जरूरत के' कश्मीर का दौरा किया। इस बीच शिवसेना ने इस मुद्दे पर प्रतिद्वंद्वी उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पर निशाना साधा। ठाकरे और उनका परिवार देश से बाहर हैं।

लोकसभा सदस्य नरेश म्हस्के ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी विदेश यात्रा बीच में ही छोड़ दी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहलगाम पहुंच गए, जबकि एकनाथ शिंदे राहत कार्यों का नेतृत्व करने और मराठी पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तुरंत श्रीनगर पहुंच गए।' म्हस्के ने कहा, 'लेकिन ठाकरे परिवार ने क्या किया? वे यूरोप की ठंडी हवा का आनंद ले रहे हैं। क्या उन्होंने कश्मीर में फंसे हमारे लोगों के लिए एक बोतल पानी भी भेजा है?'

म्हस्के ने कहा कि चाहे वह इरशाल किला त्रासदी हो, कोल्हापुर और केरल में बाढ़ हो या अब श्रीनगर के हालात हो, शिंदे हमेशा लोगों के साथ खड़े रहे हैं। म्हस्के ने उपमुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख की प्रशंसा करते हुए कहा, 'वह बालासाहेब ठाकरे की सच्ची विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं।' दक्षिण कश्मीर के पर्यटन केंद्र पहलगाम के निकट बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने गोलीबारी की, जिसमें 26 लोग मारे गए। इनमें अधिकतर पर्यटक थे।

## मुंबई : बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस को दिया निर्देश;

# कॉमेडियन कुणाल कामरा को गिरफ्तार न किया जाए

**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई पुलिस को निर्देश दिया कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर कथित रूप से की गई व्यंग्यात्मक टिप्पणी और गद्दार शब्द के इस्तेमाल को लेकर दर्ज में कॉमेडियन कुणाल कामरा को गिरफ्तार न किया जाए। जस्टिस सरंग कोतवाल और जस्टिस श्रीराम मोडक की खंडपीठ ने कहा कि यदि पुलिस को कामरा का बयान दर्ज करना है तो उसे चेन्नई (विलुपुरम के पास, जहां कामरा रहते हैं) जाकर स्थानीय पुलिस की मदद लेनी चाहिए।



कोर्ट ने यह भी कहा कि यदि याचिका के लंबित रहने के दौरान चार्जशीट दायर की जाती है तो संबंधित अदालत को उसके संज्ञान में नहीं लेना चाहिए। गौरतलब है कि खंडपीठ ने 16 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रखा था और कामरा को गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी थी। उस वक्त अदालत ने नोट किया था कि पुलिस ने उन्हें BNSS की धारा 35(3) के तहत समन जारी किया है, जो उन मामलों के लिए है, जहां गिरफ्तारी आवश्यक नहीं होती। सीनियर एडवोकेट नवरोज सीरवई ने कामरा की ओर से तर्क दिया कि विवादित कॉमेडी वीडियो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19(1)(ं)) के दायरे में आता है। यह उसके अपवादों में नहीं आता। उन्होंने कहा कि इस FIR का उद्देश्य आर्टिस्ट को सबक सिखाना है। यह राज्य द्वारा राजनीतिक दल के इशारे पर की गई कार्रवाई का उदाहरण है।

सीरवई ने इमरान प्रतापगढ़ी बनाम गुजरात राज्य (2025 छ्पीछंद्द (रउ) 362) का हवाला दिया, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा पर जोर देते हुए पुलिस और अदालतों को ऐसे मामलों में अपने संवैधानिक कर्तव्यों की याद दिलाई थी।

सीरवई ने कहा, ''यह मूलतः एक व्यंग्यकार और स्टैंड-अप कॉमेडियन की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मामला है। यदि सभी तथ्यों को सतही तौर पर भी लिया जाए तो भी कथित अपराध का कोई मामला नहीं बनता। कई फैसलों में यह स्पष्ट किया गया है कि ऐसे कानूनों का इस्तेमाल उन लोगों के खिलाफ किया जाता है, जो असहज बातें कहने का साहस करते हैं।''

## मुंबई : साइबर धोखाधड़ी में शामिल होने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार




**मुंबई :** पुलिस ने 3.42 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. मालवानी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक पांडे और आकाश विश्वकर्मा के रूप में की है. महाराष्ट्र में मुंबई पुलिस ने 3.42 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. एक अधिकारी ने गुरुवार को ये जानकारी दी है. मालवानी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अभिषेक पांडे और आकाश विश्वकर्मा के रूप में की है.

उन्होंने कहा, 'उन्होंने नौकरी तलाश रहे लोगों के एकत्र किए गए डॉक्यूमेंट्स का दुरुपयोग करके फर्जी कंपनियों के नाम से बैंक खाते खोले. बाद में उन्होंने इन अकाउंट्स को साइबर जालसाजों को सौंप दिया गया, ताकि वे फ्रॉड कर सकें और पैसे जमा कर सकें. हमने 204 सिम कार्ड, विभिन्न बैंकों की 115 पासबुक और 271 डेबिट और क्रेडिट कार्ड जब्त किए हैं.'

उन्होंने कहा, 'यह फ्रॉड तब सामने आया, जब 20 साल की एक महिला ने एप्लीकेशन प्रोसेस के दौरान अपने निजी दस्तावेज जमा किए, जिनको बाद में एक फर्जी कंपनी के नाम से चालू खाता खोलने के लिए यूज किया गया. उसे अचानक जीएसटी विभाग से अपने नाम से जुड़े खाते में बड़े वित्तीय लेनदेन के बारे में नोटिस मिला.

## मुंबई : पहलगाम के पीड़ितों से एनआईए ने की पूछताछ




**मुंबई :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की टीम ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों से मुलाकात कर उनसे जानकारी ली। पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए तीन लोगों से मिलने ठाणे जिले पहुंची एनआईए की टीम ने पीड़ित परिजनों से डोंबिवली स्थित आवासों का दौरा किया। एक एनआईए अधिकारी ने बताया, चार सदस्यीय एनआईए की टीम ने शाम पांच से सात बजे के बीच डोंबिवली पश्चिम में अतुल श्रीकांत मोने (43), हेमंत सुहास जोशी (45) और संजय लक्ष्मण लेले (50) के परिजनों से बात की। परिजन काफी सदमे में हैं और उनमें से कई ठीक से बोल भी नहीं पा रहे हैं।

एनआईए अधिकारी घटनाक्रम को एक साथ जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एनआईए की टीम ने अभी आतंकी हमले से जुड़ी प्रारंभिक जानकारी एकत्र की है। मोने, जोशी और लेले एक दूसरे के रिश्तेदार हैं। बुधवार शाम तीनों मृतकों के शव महाराष्ट्र लाए जाने के बाद उनके अंतिम संस्कार कराए गए।

# मुंबई: एलफिंस्टन ब्रिज की जगह बनेगा डबल डेकर ब्रिज, जानिए ट्रैफिक के नए रूट प्लान",



**मुंबई:** 112 साल पुराना ब्रिटिशकालीन एल्फिंस्टन ब्रिज, जो मुंबई के परेल और प्रभादेवी क्षेत्रों को जोड़ता है, आज रात 9 बजे से यातायात के लिए बंद हो जाएगा. इस ब्रिज को तोड़कर एक नया, आधुनिक ब्रिज बनाया जाएगा. यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों की घोषणा की है, जिसमें मोटर चालक दादर में तिलक ब्रिज और चिंचपोकली पुल का उपयोग रेलवे ट्रैक पार करने के लिए कर सकते हैं. यह ब्रिज अगले 2 सालों तक बंद रहेगा.',

आधुनिक ब्रिज बनाया जाएगा. यातायात पुलिस ने वैकल्पिक मार्गों की घोषणा की है, जिसमें मोटर चालक दादर में तिलक ब्रिज और चिंचपोकली पुल का उपयोग रेलवे ट्रैक पार करने के लिए कर सकते हैं. यह ब्रिज अगले 2 सालों तक बंद रहेगा.



# लाइब्रेरी सांइस में क्या है करियर स्कोप

**स्कूल कॉलेज हों या फिर सरकारी व प्राइवेट संस्थान हर जगह डॉक्यूमेंट्स को संभालने व संरक्षण करने के लिए लाइब्रेरी का उपयोग होता है। इस लाइब्रेरी में किताबों की देखभाल करने वाले को लाइब्रेरियन कहा जाता है।**

अगर आपको भी किताबों से प्यार है और ज्ञान के भंडार के बीच अपना समय बीताना चाहते हैं, तो लाइग्ररियन बन सकते हैं, इसके लिए आपको लाइब्रेरी साइंस का कोर्स करना पड़ेगा, जिसके बाद आप लाइब्रेरी अटेंडेंट, लाइब्रेरी असिस्टेंट, जूनियर लाइब्रेरियन और लाइब्रेरियन जैसे पदों पर रहकर अच्छा करियर बना सकते हैं।

## क्या है लाइब्रेरी सांइस का कोर्स

लाइब्रेरी साइंस का दायरा काफी बड़ा है, आज के समय यह एक हाईटेक कार्य के रूप में जाना जाता है। इसलिए इसमें करियर के अवसर भी काफी ज्यादा नजर आ रहे हैं। इस कोर्स के तहत छात्रों को लाइब्रेरी और इंफॉर्मेशन सिस्टम मैनेजमेंट, डॉक्यूमेंटेशन, मैनुस्क्रिप्ट, कैटलॉग, बिबलियोग्राफी आदि के बारे में पढ़ाया जाता है। इस क्षेत्र में अगर आप करियर बनाना चाहते हैं, तो आपको कंप्यूटर की बेसिक जानकारी भी होना जरूरी है। क्योंकि आजकल सारे डेटा और रिकॉर्ड कंप्यूटर पर ही रखे जाते हैं।

## लाइब्रेरी साइंस में कोर्स

अगर आप लाइब्रेरी साइंस में करियर बनाना चाहते हैं तो आप डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। इसके लिए कैंडिडेट्स को किसी भी स्ट्रीम से 12वीं पास होना चाहिए। वहीं बैचलर इन लाइब्रेरी साइंस या बैचलर इन लाइब्रेरी एंड इन्फॉर्मेशन साइंस के लिए आपको किसी भी स्ट्रीम से ग्रेजुएट होना होगा। बैचलर करने के बाद आम मास्टर इन लाइब्रेरी साइंस भी कर सकते हैं। इसके बाद आप एमफिल या पीएचडी कर रिसर्च या टीचिंग के सेक्टर में भी जा सकते हैं।

## करियर स्कोप क्या है

लाइब्रेरी साइंस में इस समय जॉब्स की कमी नहीं है, लाइब्रेरी साइंस में ग्रेजुएट होने के बाद आप सरकारी और प्राइवेट दोनों सेक्टर में जॉब कर सकते हैं। जिस तरह से दिन– प्रतिदिन यूनिवर्सिटी और कॉलेज की संख्या बढ़ रहा है, ठीक उसी प्रकार इस सेक्टर में जॉब के अवसर भी बढ़ रहे हैं। आप किसी भी स्कूल, कॉलेज, यूनिवर्सिटी, प्राइवेट संस्थान, प्राइवेट लाइब्रेरी, म्यूजियम आदि में लाइब्रेरियन के तौर पर काम कर सकते हैं। इसके अलावा न्यूजपेपर और न्यूज चैनल्स में भी लाइब्रेरियन की नियुक्ति की जाती हैं। अब तो कॉरपोरेट कंपनियों में भी लाइब्रेरी को प्रमोट किया जाता है, ऐसे में यहां पर भी अच्छी सैलेरी के साथ जॉब मिल सकती है। अब जमाना डिजिटल हो चुका है, इसलिए अब ऑनलाइन लाइब्रेरी या कंप्यूटर लाइब्रेरी, डिजिटल लाइब्रेरी का चलन तेजी से बढ़ा है।

## करियर ऑप्शन क्या है

अब लाइब्रेरी साइंस काफी विकसित सेक्टर के रूप में जाना जाता है। जिसकी जरूरत हर जगह पर पड़ती है। जिसके कारण इस क्षेत्र में करियर के अनेक ऑप्शन हैं। आप कोर्स पूरा कर निम्न पदों पर रहकर करियर बना सकते हैं। जिसमें जूनियर लाइब्रेरियन, सहायक लाइब्रेरियन, डिप्टी लाइब्रेरियन, लाइब्रेरियन, लाइब्रेरी अटेंडेंट, पुस्तकालय सहायक, शोधकर्ता व वैज्ञानिक, सलाहकार, तकनीकी सहायक, अभिलेख प्रबंधक, सूचना केंद्र का प्रमुख, वरिष्ठ सूचना विश्लेषक, कानून लाइब्रेरियन, इंडेक्सर, सूचना वास्तुकार, पुरालेखपाल शामिल है।

## कितनी मिलती है सैलरी

लाइब्रेरी साइंस में कोर्स करने के बाद आप प्रेशर के तौर पर 20 से 30 हजार रूपए कमा सकते हैं, इसके बाद जिस तरह से आपका अनुभ्व बढ़ेगा, उसी के अनुसार आपका पद और वेतन भी बढ़ेगा। वहीं अगर आपकी जॉब गवर्नमेंट सेक्टर में लग गया तो आप हर माह लाखों रुपए कमा सकते हैं।



# आईआईटी में एडमिशन दिलाएंगी ये टिप्स

देश में इंजीनियर बनने की चाह रखने वाले हर स्टूडेंट की चाहत होती है कि वह इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) से इंजीनियरिंग करे। आईआईटी में एडमिशन के लिए स्टूडेंट्स को जेईई मेन एवं जेईई एडवांस परीक्षा पास करनी होती है। यहां हम आपको तैयारी के लिए कुछ आसान टिप्स बता रहे हैं।

### बनाएं स्टडी प्लान

सबसे पहले सिलेबस के अनुसार अपना स्टडी प्लान बनाएं। जेईई मेन और जेईई एडवांस दोनों के सिलेबस लगभग समान होते हैं।

### सेट करें वीकली और डेली टारगेट

स्टडी के लिए न्यूनतम घंटे तय करें। इसके साथ ही डेली या वीकली टारगेट सेट करें।

### एनसीईआरटी की लें मदद

बेसिक तैयारी के लिए एनसीईआरटी बुक्स बहुत अच्छी मानी जाती हैं। इस कारण 11वीं से ही इन बुक्स से तैयारी करें।

### क्लियर करें कॉन्सेप्ट

जेईई परीक्षा में आपके बेसिक्स की जांच होती है। पहले बेसिक कॉन्सेप्ट को समझें और इसके लिए थ्योरी पार्ट को पढ़ें।

### स्मार्ट स्टडी

हार्ड वर्क के साथ ही स्मार्ट वर्क करें। इसके लिए नोट्स बनाएं, इंपॉर्टेंट प्वाइंट्स, फॉर्मूला, शॉर्टकट, रिएक्शन आदि के साथ स्मार्ट स्टडी करें।

### मॉक टेस्ट पेपर

अपनी स्पीड, लर्निंग एक्यूरेसी और टाइम मैनेजमेंट स्किल को परखने के लिए ऑनलाइन मॉक टेस्ट पेपर सॉल्व करें।

### कर सकते हैं कोचिंग

टफ और डाउट वाले प्रश्नों को आसानी से समझने के लिए आप कोचिंग भी ज्वॉइन कर सकते हैं।



# 12वीं में पीसीएम लेने के मतलब सिर्फ इंजीनियर बनना ही नहीं

**छात्रों के बीच एक आम धारणा है कि 12वीं में मैथ्य लेने का मतलब है इंजीनियरिंग करना और साइंस लेने का मतलब है डॉक्टर बनना, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हर बच्चा सिर्फ इंजीनियर या डॉक्टर बनना चाहता है। कई बच्चे ऐसे भी हैं जो अलग फील्ड में जाना चाहते हैं।**

## बन सकते हैं पायलेट

अगर आप बचपन से उड़ते हुए प्लेन को देख कर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं और इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो आप पायलट पाठ्यक्रम भी चुन सकते है। इसका कोर्स प्राइवेट कॉलेज भी करवाते है। हवाई यात्रा सस्ती होने के साथ, विमान उद्योग तेज गति उन्नति कर रहा है और वाणिज्यिक पायलटों की आवश्यकता भी दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। यदि आप आकाश में उड़ना चाहते हैं और पायलट बनना कहते है तो यह कोर्स आपके लिए परफेक्ट है।

## मर्चेंट नेवी

यह कोर्स आज के समय में बेहतर ऑप्शंस है। इसमें आप मरीन इंजीनियरिंग, नॉटिकल साइंस, शिप मेंटेनेंस आदि कोर्स कर सकते हैं। यह देश में सबसे अधिक सैलरी देने वाले कोर्सेज में से एक है। इसमें आपको कई देशों का सफर करने का मौका मिलता है तथा देश की सेवा करने का भी मौका मिलता है। काफी युवा छात्र मर्चेंट नेवी को अपना करियर बनाते है यह छात्रों की एक मनपसंद फील्ड है।

## एनीमेशन का फील्ड

अगर आप क्रिएटिव हैं तो एनीमेशन के फील्ड में जा सकते हैं। 12वीं के बाद एनीमेशन की फील्ड में करियर बनाने का सपना काफी छात्रों का होता है। एनीमेशन की फील्ड काफी ज्यादा क्रिएटिव और मनोरंजक फील्ड है। इसमें छात्रों को कुछ नया करने को मिलता है। आज कल के समय में एनिमेटेड मूवीज, कार्टून्स काफी ज्यादा लोकप्रिय है ऐसे में एनीमेशन की फील्ड में बहुत कुछ कर दिखने का मौका है। कुछ साल पहले तक, केवल निजी संस्थान थे जो एनीमेशन के लिए प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रदान करते थे, परन्तु अब काफी इंस्टीटूट्स खुल गए है जो एनीमेशन का कोर्स करवाते है तथा नौकरी भी दिलाते है।

## वीडियो गेम

कोरोना के बाद वीडियो गेम उद्योग बूस्ट पर चल रहा है। भारत में आज कई इंटरनेशन व नेशनल कंपनियां इस फील्ड में काम कर रही हैं। इस फील्ड में आपको कंप्यूटर लैंग्वेज पढ़ाई जाएगी और ग्राफिक डिजाइनिंग के बारे सिखाया जाता है। इस फील्ड में भी बहुत ज्यादा क्रिएटिविटी की जरुरत है। इस फील्ड में वेतन भी बहुत अच्छा है तथा भविष्य भी बहुत बढ़िया है।

## एप डेवलपर

इस समय डिजिटल दुनिया में सब कुछ ऑनलाइन होता जा रहा है ऐसे में एप डेवलपर का भविष्य बहुत ही अच्छा है। आप एप डेवलपिंग का कोर्स ज्वाइन कर के अपना करियर इस फील्ड में बना सकते है। इसमें वेतन भी बहुत ज्यादा मिलता है। आजकल सभी लोग अपना व्यवसाय ऑनलाइन करते जा रहे है ऐसे में सभी अपना एप बनवाते है और अपने बिजनेस को या प्रोडक्ट तो प्रमोट करते है इसलिए यह भी एक बहुत अच्छा करियर ऑप्शन है।

## सॉफ्टवेयर डेवलपर

आज के समय में यहां सैकड़ों आईटी फर्म हैं और दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। और ये आईटी फर्म एक बढ़िया 7 फिगर सैलरी देती है अपने सॉफ्टवेयर डेवलपर को। अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट, गूगल ये सभी कम्पनीज सॉफ्टवेयर डेवलपर हायर करती है और अच्छा वेतन देती है। आजकल तो सभी बैंक्स भी ऑनलाइन हो गए है और लगभग सभी ऑफिसेस भी अपना सॉफ्टवेयर डेवेलप करवाते है। ऐसे में ये एक ऐसा करियर है जिसमे कभी पीछे नहीं मुड़ना पड़ेगा। सभी आईटी फर्म्स सॉफ्टवेयर डेवलपर को रखती है और अच्छा वेतन देती है।

## बीसीए भी है ऑप्शन

अगर आप 12 वीं के बाद करियर ऑप्शन देख रहे हैं तो आपके लिए बीसीए एक बढ़िया करियर ऑप्शन हो सकता है। अगर आपको कंप्यूटर में इंटरेस्ट है तो बीसीए आपके लिए बढ़िया चुनाव रहेगा। बीसीए करने के बाद आप किसी अच्छी आईटी कंपनी में जॉब कर सकते है और अगर आप बीसीए के बाद पोस्ट ग्रेजुएट एमसीए भी कर लेंगे तो कंप्यूटर की फील्ड में एक अच्छा करियर बना सकते है तथा उच्च वेतन की नौकरी भी मिल सकती है।

# दिल्ली का मेयर बनने के बाद राजा इकबाल ने किया यूजर्स चार्ज खत्म करने का ऐलान, इन पर होगा पूरा फोकस

**दिल्ली :** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के नए मेयर बीजेपी के राजा इकबाल सिंह बन गए. मेयर चुने जाने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया. उन्होंने यूजर्स चार्ज खत्म करने का ऐलान किया. दिल्ली नगर-निगम के नए मेयर राजा इकबाल सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, पार्टी का शीर्ष नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सभी निगम पार्षदों, विधायकों, सांसदों को धन्यवाद करता हूं. आज मुझे सेवा करने का मौका मिला. पिछले ढाई साल में निगम में आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व में जो बदहाली हुई थी, हम कोशिश करेंगे कि तीन महीने के अंदर उसमें सुधार करके जनता को दिखाएं.



उन्होंने कहा, दिल्ली में सफाई, कूड़े का पहाड़ हटाना, आगामी मानसून से पहले जलभराव की समस्या को हल करना प्राथमिकता होगी. इन क्षेत्रों में दिल्ली सरकार के साथ काम करके कोशिश करेंगे कि जनता को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं हो. पिछले ढाई साल से पार्कों की हालत खराब है, हमारी कोशिश रहेगी कि वे हरे-भरे हों. दिल्ली को हम हरियाली की तरफ लेकर जाएंगे. निगम के अंदर भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे.

पूर्व की आम आदमी पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'आप' ने बड़े अधिकारियों से मिलकर दिल्ली की जनता के साथ धोखा किया है. उन्होंने अपना दोहरा चरित्र दिखाया है. हम यूजर्स चार्ज को खत्म करेंगे. निगम के अंदर शिक्षा का जो स्तर कम हुआ है, हम अध्यापकों को मोटिवेट करेंगे और बच्चों को समय से स्कॉलरशिप, ड्रेस के पैसे देंगे, ताकि बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर सकें.

राजा इकबाल के मेयर बनने के साथ ही अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बीजेपी की 'ट्रिपल इंजन' सरकार काबिज हो गई है. केंद्र और विधानसभा में पहले से बीजेपी की सरकार है. अब मेयर की सीट पर भी बीजेपी का कब्जा हो गया है. बीजेपी ने 2024 लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सभी सात सीटों पर जीत हासिल की थी. इस साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में भी उसने पूर्ण बहुमत हासिल कर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में सरकार बनाई.

## सीएम दौरे की तैयारियां तेज़: डीएम एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायज़ा, दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन सतर्क और सक्रिय मोड में आ गया है। इसी क्रम में गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी संकल्प शर्मा ने दौरे से जुड़ी तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम.एसपी ने प्रस्तावित हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल, रूट प्लान और यातायात प्रबंधन से जुड़े प्रत्येक बिंदु की बारीकी से समीक्षा की। मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट दिशानिर्देश दिए गए कि सुरक्षाए सुविधा और समयबद्धता में कोई भी कमी न रह जाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें। उन्होंने विशेष रूप से आमजन की सुविधाए सुरक्षा व्यवस्था और ट्रैफिक्क डायवर्जन प्लान को लेकर विस्तृत दिशा.निर्देश दिए। एसपी संकल्प शर्मा ने रूट सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था और कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की और जरूरी निर्देश दिए।

## लोधी समाज ने किया मंत्री असीम अरुण का विरोध

### ● मंच पर ही फूटा गुस्सा, हंगामे के बीच टूटा बीजपी का संविधान समारोह

**संवाददाता।** कन्नौज



मंच पर हंगामा काटते लोधी समाज के लोग।

**डॉ.** अंबेडकर के सम्मान में आयोजित समारोह गुरुवार को उस वक्त राजनीति के अखाड़े में बदल गया। जब यूपी सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के खिलाफ मंच से नारेबाजी शुरू हो गई। मंच पर तमाम दिग्गज प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, विधायक कैलाश राजपूत और जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया सबके सब मौजूद थे, लेकिन नारे गूंजे सिर्फ एक के खिलाफ असीम अरुण

हंगामे की जड़? हंगामा कर रहे लोगों की माने तो लोधी समाज की एक बेटी गायब हो गई थी। आरोप था कि दलित समाज का कोई युवक उसे बहला फुसलाकर ले गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष जब मंत्री के पास मदद मांगने गया तो उन्होंने मदद से इनकार करते हुये कहा कि हमारा यही काम रह गया क्या?

यही बात लोधी समाज को इतनी नागवार गुज़री कि मंच तक हिला दिया। गुरुवार को तिर्वा के राजकीय मेडिकल कॉलेज का ऑडिटोरियम तब रणभूमि में बदल गया जब भाजपा के अपने ही कार्यकर्ता कुर्सियों पर चढ़कर असीम अरुण मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। पुलिस और सुरक्षा बलों ने रोकने की कोशिश की तो धक्कामुक्की और धक्का-परेशानी ने पूरे कार्यक्रम की लय तोड़ दी। अफ़रा-तफरी, हंगामा, और राजनीतिक भूचाल के बीच कार्यक्रम को बीच में ही पूरा करना पड़ा। इस बीच भाजपा नेताओं ने बीच बचाव का प्रयास किया लेकिन हंगामा कर रहे लोग नहीं माने। इस मामले से बीजेपी की अंतर्कलह सामने आई है।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**सुमेरपुर।** कस्बे के मुंडेरा मार्ग में गुरुवार की दोपहर को एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक ने बाइक समेत युवकों को करीब दस मीटर तक घसीट दियाए जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना पचखुरा खुर्द गांव के पास की है। बदनपुर निवासी राहुल प्रजापति 22 वर्ष अपने चचेरे भाई मुकेश प्रजापति 23 वर्ष के साथ कस्बे से सामान लेकर बाइक से गांव लौट रहे थे। दोपहर लगभग 3 बजेए सिसोलर की ओर से आ रहे लकड़ी लदे ट्रक ने नाले की ढाल के पास उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक ट्रक में फंस गई और करीब दस मीटर तक घिसटती चली गई।राहगीरों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस ने ट्रक व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## नगर में गंभीर पेयजल संकट

**संडीला ( हरदोई )।** लगातार 2 दिनों से आई तकनीकी खराबी के कारण नगर में पेयजलापूर्ति की समस्या अत्यंग गंभीर हो गयी है, जिसके कारण लोग काफ़ी परेशान हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका स्थित जलकल विभाग द्वारा संचालित पुरानी पाइप लाईनों पर पेयजलापूर्ति के लिए चेक वॉल्व के खराब हो जाने के कारण यह पेजलापूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। स्थिति यह है कि जो पेयजलापूर्ति दी जा रही हैए उसकी आपूर्ति इतनी धीमी है कि 10 लीटर की बाल्टी भरने में 20 मिनट से अधिक का समय लगता है और यही नहीं आधे से ज्यादा घरों में एक बूंद भी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में पेयजलापूर्ति का इस प्रकार ठप या नगर्णय हो जाना अपने आप में काफ़ी गंभीर समस्या है। इस संबंध में जलकल विभाग के अभियंता सुनील यादव से जब बात की गयी तो उनका कहना था कि चेकवॉल्व की समस्या को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है।

## सपा नेताओं ने कैण्डिल जलाकर पहलगाम मृतकों को दी श्रद्धांजलि



पहलगाम मृतकों को कैण्डिल जलाकर श्रद्धांजलि देते सपा नेता।

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सपा के वरिष्ठ नेता राजसिंह चौहान उर्फछोटे ठाकुर के तिर्वा रोड स्थित प्रतिष्ठान कार्यालय पर कार्यकर्ताओं द्वारा विगत दिन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले के मृतकों को कैण्डिल जलाकर एवं दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। आतंकवाद के खिलाफ कठोर और निर्णायक कार्रवाई की मांग की। बीती शाम नगर के तिर्वारोड पर पहलगाम के मृतकों को श्रद्धांजलि देने के उपरान्त वरिष्ठ सपा नेता राजसिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर एवं सलोवा राष्ट्रीय सचिव अरूण कुमार शर्मा ने कहा कि देश के जम्मू कश्मीर में लगातार हो रहे आतंकी हमलों से आम नागरिकों का जीवन असुरक्षित हो गया है और ऐसे में अब केवल निंदा से काम नहीं चलेगा। सरकार को आतंकवादियों के खिलाफ कडी कार्रवाई करें, भविष्य में कोई भी इस तरह की हिम्मत न कर सके। युवा सपा नेता अजीम सिद्दीकी, मुकीम खान, विजय गुप्ता, रनधीर ठाकुर, रमेश ठाकुर, बल्लू सविता, तालिब खान, वरुन राजपूत, शादाब खॉन, मोहित पाठक, नजमुद्दीन इदरीसी, इरशाद फारूकी, श्याम सुंदर गुप्ता, चंद्र प्रकाश कुशवाहा, जावेद सलमानी, मोहित यादव, मयंक दीक्षित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## डेढ़ साल में ओवरलोडिंग अवैध खनन व एक्सटेंड न रोक पाने से नाराज निदेशक ने खान निरीक्षक से किया जवाब तलब

**हमीरपुर।** पिछले दिनों खनिज विभाग की निदेशक द्वारा हमीरपुर समेत तीन जिलों में किये गये हमीरपुर के खान निरीक्षक द्वारा ओवरलोडिंग न रोक पाने, लोडिंग प्वाइंट से नियमानुसार लोड कराना व वाहनों की बाडी को एक्सटेंड न कराने से नाराज होकर जवाब तलब किया है,निदेशक ने प्रशासन से कहा है कि टास्क फोर्स को सक्रिय कर अवैध खनन रोका व ओवरलोडिंग रोकी जाये। पिछले दिनो खनिज विभाग की निदेशक माला श्रीवास्तव ने हमीपुर, जालौन, कानपुर नगर का निरीक्षण किया था ढेर सारी अनियमितताएं पायी गयी थी। सरीला तहसील के रिरुवा बसरिया के अलावा कई खनिज पट्टों का निरीक्षण किया पट्टा स्वीकृत मात्र 97,150 घनमीटर है, लोडिंग प्वाइंट से फैजाबाद, सहारनपुर बस्ती जैसलमेर, बहाराइच, सिद्धार्थ नगर फैजाबाद के अलावा अन्य जिलों की वाहानों को लोड किया है।

## सीडीओ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना कि समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न, दिए निर्देश

### ● विभिन्न शाखाओं में स्वीकृत एवं वितरण के लिये लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण समय सीमा के अन्दर किया जाए सुनिश्चित: सीडीओ

**कानपुर देहात।** मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एनण् की अध्यक्षता में जनपद के सभी बैंकों के जिला समन्वयकों ए अग्रणी जिला प्रबंधक एवं उपायुक्त उद्योगए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्रए के साथ मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक की गयी। योजना की धीमी प्रगति पर असन्तोष प्रकट किया एवं जनपद के सभी बैंकों के जिला समन्वयकों एवं शाखा प्रबन्धको को निर्देशित किया कि विभिन्न शाखाओं में स्वीकृत एवं वितरण के लिये लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण समय सीमा के अन्दर सुनिश्चित किया जाए। अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि अत्यधिक ख़राब प्रदर्शन वाली बैंक शाखाओं को पत्र जारी किये जाए एवं इस योजना की साप्ताहिक समीक्षा हो ताकि लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित की जा सके। सीडीओ ने बैंक प्रतिनिधियों को चेतावनी दी कि योजना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। इस अभियान में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने एलडीएम को निर्देश दिए कि वे हर बैंक को 15 दिन का लक्ष्य दें। साथ ही हर सप्ताह प्रगति की समीक्षा करें। बैंकों को निर्देश दिया गया है कि आवेदनों की पारदर्शी जांच करें अगर आवेदन में कोई कमी हो तो उसे दूर कराएं साथ ही पात्र लाभार्थियों को प्राथमिकता दें और साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट जिला कार्यालय में जमा करें।

## ट्रंप ने न्यायालय से सेना में ट्रांसजेंडर पर प्रतिबंध की अनुमति मांगी

वाशिंगटन। अमेरिका के ट्रंप प्रशासन ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया कि कानूनी चुनौतियों के जारी रहने तक सेना में ट्रांसजेंडर लोगों पर प्रतिबंध को लागू करने की अनुमति दी जाए। न्यायालय में यह मामला एक संघीय अपील न्यायालय के संक्षिप्त आदेश के बाद आया है, जिसने देश भर में इस नीति पर रोक लगाने वाले न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के एक सप्ताह बाद एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसमें दावा किया गया है कि ट्रांसजेंडर सेवा सदस्यों की यौन पहचान एक सैनिक की सम्मानजनक, सत्यनिष्ठ और अनुशासित जीवनशैली के प्रति प्रतिबद्धता के साथ टकराव प्रदर्शित करती है, यहां तक कि उसके निजी जीवन में भी और ए सैन्य तत्परता के लिए हानिकारक है। जवाब में, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने एक नीति जारी की, जो संभावित रूप से ट्रांसजेंडर लोगों को सैन्य सेवा से अयोग्य घोषित करती है। मार्च में, वाशिंगटन के टैकोमा में अमेरिकी जिला न्यायालय के न्यायाधीश बेंजामिन सेटल ने लंबे समय से सेवारत कई ट्रांसजेंडर सैन्य सदस्यों के पक्ष में फैसला सुनाया।

## टॉमी हिलफिगर ने मनाया क्रिएटिविटी का जश्न

मुंबई। पीवीएच कॉर्प.के हिस्से टॉमी हिलफिगर यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस करता है कि इसके फाउंडर श्री टॉमी हिलफिगर ने 15 अप्रैल 2025 को भारत के फैशन हब मुंबई का दौरा किया। यह दिन फैशन, सांस्कृतिक संवाद और नए जुड़ाव से भरपूर रहा, जिसने भारत में इस प्रतिष्ठित ब्रांड की उपस्थिति को और मजबूत किया। दिन की शुरुआत जियो वर्ल्ड ड्राइव, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित टॉमी हिलफिगर स्टोर के दौरे से हुई। यहाँ श्री हिलफिगर ने एक पैनल चर्चा में हिस्सा लिया, जिसे भारतीय क्रिएटिव पर्सनैलिटी सारा-जेन डायस और अभिनेत्री, मॉडल और समाजसेवी मानुषी छिल्लर ने होस्ट किया। इस चर्चा में स्टाइल, फैशन और वैश्विक प्रभाव जैसे विषयों पर गहराई से बात हुई, जो अमेरिकी और भारतीय फैशन संस्कृतियों के बीच एक शानदार संगम साबित हुआ।शाम को, हिलफिगर ने ताज महल पैलेस होटल के ताज चेम्बर्स में एक खास डिनर की मेज़बानी की। अरब सागर और गेटवे ऑफ इंडिया के शानदार नज़ारों के बीच, यह खास शाम ग्लैमर, संस्कृति और स्टाइल की बेहतरीन मिसाल थी। इस अवसर पर बॉलीवुड सितारों, फैशन जगत की हस्तियों, प्रभावशाली मीडिया और इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स ने शिरकत की।

## सेफएक्सप्रेस ने बनाया अल्ट्रा-मॉडर्न लॉजिस्टिक्स पार्क

ग्रेटर नोएडा। भारत की अग्रणी सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स कंपनी सेफएक्सप्रेस ने गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश में अपने अत्याधुनिक लॉजिस्टिक्स पार्क का शुभारम्भ किया है। एनएच-334सी, जीटी रोड, बैरंगपुर, दादरी के महत्वपूर्ण लोकेशन पर स्थित यह लॉजिस्टिक पार्क इस क्षेत्र में लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। लॉन्च के अवसर पर सेफएक्सप्रेस के वरिष्ठ गणमान्य लोग मौजूद रहे।गौतम बुद्ध नगर में 2.5 लाख वर्ग फीट में फैला, इस अत्याधुनिक लॉजिस्टिक केंद्र में ट्रांसशिपमेंट और थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) की उन्नत क्षमताएं मौजूद हैं। इसे क्षेत्र में व्यवसायों की वेयरहाउसिंग और वितरण से जुड़ी बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिससे तेज़ और अधिक कुशल सप्लाई चेन कनेक्टिविटी सुनिश्चित होती है। क्रॉस-डॉक सेटअप 200 से अधिक वाहनों की एक साथ लोडिंग और अनलोडिंग कर सकता है। 80 फीट से अधिक की प्रभावशाली कॉलम-फ्री जगह लॉजिस्टिक्स पार्क के भीतर माल की बाधारहित आवाजाही सुनिश्चित करता है, जबकि 16-फीट चौड़े कैंटिलीवर शेड सभी मौसम में लोडिंग और अनलोडिंग की सुविधा प्रदान करते हैं।

## कीव पर रूस के हमलों के बाद जेलेंस्की ने द. अफ्रीका का दौरा बीच में छोड़ा



प्रिटोरिया

**यूक्रेन के राष्ट्रपति** वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बृहस्पतिवार को कहा कि कीव पर रात में रूस द्वारा किए गए घातक हमले के कारण वह दक्षिण अफ्रीका की अपनी आधिकारिक यात्रा को बीच में ही छोड़ रहे हैं। जेलेंस्की की प्रिटोरिया में यूनियन बिल्डिंग में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ बैठक निर्धारित है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच टेलीग्राम पर कहा कि वह बैठक के बाद स्वदेश लौटेंगे। रामफोसा ने यूनियन बिल्डिंग की सीढ़ियों पर जेलेंस्की का स्वागत किया। जेलेंस्की बुधवार देर रात दक्षिण अफ्रीका पहुंचे और रात में ही रूस ने यूक्रेन की राजधानी पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया, जिसमें कम से कम नौ लोग मारे गए और 70 से अधिक लोग घायल हो गए। जेलेंस्की की यात्रा ऐसे समय हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन पर नए आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने कहा है कि जेलेंस्की तीन साल से चल रहे युद्ध को लंबा खींच रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि क्रीमिया छोड़ने से इनकार कर जेलेंस्की युद्ध को लंबा खींच रहे हैं। जेलेंस्की ने इससे पहले एक्स पर लिखा कि दक्षिण अफ्रीका की यात्रा से न्यायपूर्ण शांति के प्रयासों में मदद मिलेगी और यह दौरा 20 विकसित और विकासशील देशों के समूह (जी 20) के सदस्यों से संवाद के कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष जी20 की अध्यक्षता कर रहा है। रामफोसा ने सोमवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फ़ोन पर बात की और दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता जताई।

## यूक्रेन पर रूस के हमलों में नौ की मौत

### 70 अन्य घायल

कीव



**रूस ने यूक्रेन पर बु**धवार रात बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए जिनमें नौ लोगों की मौत हो गई और छह बच्चों सहित 70 अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के प्राधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जानकारों के मुताबिक पिछले साल जुलाई के बाद रूस द्वारा यूक्रेन की राजधानी पर किया गया यह सबसे बड़ा हमला है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने हमले के बाद कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका की अपनी आधिकारिक यात्रा बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौट रहे हैं क्योंकि शहर में बमबारी की वजह से लोग लगभग 11 घंटे तक दहशत में रहे। ऐसा माना जा रहा है कि यह नौ महीनों में कीव पर रूस का सबसे बड़ा हमला था और जेलेंस्की ने इसे रूस के सबसे क्रूर हमलों में से एक बताया। इस हमले के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि वह इससे खुश नहीं हैं। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर लिखा, यह जरूरी नहीं था और इसका समय भी बहुत खराब था। व्लादिमीर, रुक जाइएउ अमेरिका के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि दोनों पक्ष समझौता नहीं करते हैं तो ट्रंप प्रशासन जल्द ही युद्ध रोकने के अपने प्रयास छोड़ सकता है।कीव के महापौर विटाली क्लिट्स्को ने घोषणा की कि शुक्रवार को राजधानी में आधिकारिक शोक दिवस होगा। यूक्रेन की वायु सेना ने कहा कि रूस ने कीव और यूक्रेन के चार अन्य क्षेत्रों पर 66 बैलिस्टिक और क्रूज मिसाइलें, चार विमान से हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी और 145 शाहिद ड्रोन हमले किए। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब शांति वार्ता ठप होती दिख रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह संभावित शांति योजना के तहत क्रीमिया को रूस को सौंपने के प्रस्ताव को ठुकराकर युद्ध को खींच रहे हैं। जेलेंस्की ने कहा कि भविष्य की बातचीत रूस के रुख पर निर्भर है। जेलेंस्की ने तीन साल से ज्यादा समय से चल रहे युद्ध के दौरान कई बार दोहराया है कि रूस द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र को मान्यता देना उनके देश के लिए संभव नहीं है। उन्होंने बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन ने 44 दिन पहले बातचीत के जरिए शांति की दिशा में पहला कदम उठाते हुए अमेरिका के युद्ध विराम प्रस्ताव पर सहमति जताई थी, लेकिन रूस के हमले जारी रहे।

## चीन ने तीन नए अंतरिक्ष यात्रियों को अपने स्पेस स्टेशन में भेजा

बीजिंग

**चीन ने तीन न**ए अंतरिक्ष यात्रियों को बृहस्पतिवार को अपने स्पेस स्टेशन भेजा है, जो वहां बीते छह महीने से मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों की जगह लेंगे। सरकारी टेलीविजन सीजीटीएन पर अंतरिक्ष यात्रियों को स्टेशन पर भेजे जाने का सीधा प्रसारण किया गया। चीन के जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से शाम 5:17 बजे (बीजिंग समयानुसार) शेनझोउ-20 यान यात्रियों को लेकर रवाना हुआ। अंतरिक्ष यान में तीन अंतरिक्ष यात्री चेन डोंग, चेन झोंगरुई और वांग जी सवार हैं। चालक दल को इस वर्ष अक्टूबर के अंत में उत्तरी चीन के डोंगफेंग लैंडिंग स्थल पर वापस लौटना है। नए चालक दल के सदस्यों के स्टेशन में प्रवेश करने के बाद, अन्य तीन सदस्यों के 29 अप्रैल को पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है।

## पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि देने उमड़ी भीड़ सेंट पीटर्स के द्वार पूरी रात खुले रखे गए

वेटिकन सिटी



**सेंट पीटर्स बेसिलिका** के अंदर लकड़ी के एक साधारण ताबूत में रखे पोप फ्रांसिस के पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि देने अपेक्षा से अधिक लोगों के आने के कारण वेटिकन ने पूरी रात बेसिलिका के दरवाजे खुले रखे। वेटिकन द्वारा जारी अंतिम आंकड़ों के अनुसार बुधवार को साढ़े आठ घंटों के दौरान 20,000 से अधिक लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। मेक्सिको से आए कैथोलिक एमिलियानो फर्नांडीज आधी रात के आसपास लाइन में खड़े होकर इंतजार कर रहे थे, और दो घंटे बाद भी वह बेसिलिका नहीं पहुंच पाए थे। फर्नांडीज ने कहा, "मुझे इस बात की परवाह नहीं है कि मैं यहां कितना समय इंतजार करूंगा। यह सिर्फ यह दिखाने का अवसर है कि मैं फ्रांसिस्को को कितना पसंद करता हूं। मुझे लगता है कि उनके प्रति मेरे मन में जो सम्मान है, उसकी वजह से मैं इंतजार कर रहा हूं। बुधवार को अपने तीन बच्चों के साथ बेसिलिका से बाहर निकलते समय रोसा स्कोर्पती नामक महिला ने कहा, "हम आए क्योंकि जब वह जीवित थे तो हम उन्हें (बच्चों को) साथ नहीं ला पाए थे, इसलिए हमने सोचा कि हम उन्हें अंतिम विदाई के लिए साथ लाएंगे। फ्रांसिस का सोमवार को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

## नेपाल में 19वां लोकतंत्र दिवस मनाया गया

**काठमांडू।** नेपाल बृहस्पतिवार को 19वां लोकतंत्र दिवस मना रहा है, जिसमें राजशाही को समाप्त कर लोकतंत्र की स्थापना के संघर्ष में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। लोकतंत्र दिवस उस ऐतिहासिक घटना की याद में मनाया जाता है जब 24 अप्रैल 2006 को भंग संसद की बहाली के बाद तत्कालीन राजा का प्रत्यक्ष शासन समाप्त हो गया था। प्रधानमंत्री के.पी शर्मा ओली यहां भृकुटिमंडप में अपनी पार्टी द्वारा आयोजित युवा समारोह को संबोधित कर सकते हैं। इस समारोह में लगभग एक लाख युवाओं के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें विभिन्न संगीत एवं नृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने देश की समृद्धि के लिए सभी ताकतों के एकजुट होने की जरूरत पर बल दिया है।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मून पर रिश्वत का आरोप

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के अभियोजकों ने बृहस्पतिवार को पूर्व राष्ट्रपति मून जेई-इन पर रिश्वत का आरोप लगाया और कहा कि मून के कार्यकाल के दौरान एक किफायती एयरलाइन ने उनके दामाद को आकर्षक नौकरी देकर भारी फायदा पहुंचाया था। मून पर अभियोग शुरू होने के बाद वह भी दक्षिण कोरिया के नेताओं की फेहरिस्त में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल के अंत में या पद छोड़ने के बाद मुकदमों या घोटालों का सामना किया है। मून ने 2017-2022 तक राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। अभियोजकों का आरोप है कि मून ने किफायती एयरलाइन थाई ईस्टर जेट के संस्थापक ली सांग-जिक से 2018-2020 तक उस वक्त उनके दामाद को प्रदान किए गए वेतन, आवास पर खर्च और अन्य वित्तीय सहायता के रूप में कुल 21.7 लाख वोन (151,705 अमेरिकी डॉलर) की रिश्वत प्राप्त की। दक्षिण कोरिया के मीडिया ने बताया कि मून की बेटी और उसके पति का 2021 में तलाक हो गया था।

## क्यों नहीं होते मनुष्यों के पूरे शरीर पर बाल

### ● जीवविज्ञानी ने बताए कारण

पिट्सबर्ग



**पशुओं की तरह** मनुष्यों के पूरे शरीर पर बाल क्यों नहीं होते? क्या आपने कभी सोचा है कि कुत्ते, बिल्ली या गोरिल्ला की तरह आपके पूरे शरीर पर मोटे बाल क्यों नहीं पाए जाते? मनुष्य एकमात्र प्राणी नहीं है, जिसके पूरे शरीर पर बाल नहीं होते। हाथियों, गेंडों और चूहों के भी बहुत छोटे बाल होते हैं। व्हेल और डॉल्फिन जैसे समुद्री जीवों के मामले में भी यह सच है। वैज्ञानिकों का सोचना है कि डायनासोर के दौर में रहने वाले शुरुआती जीवों के बहुत बाल हुआ करते थे। लेकिन करोड़ों वर्षों में मनुष्यों समेत कुछेक प्राणियों के बाल कम होते गए। ऐसा क्यों हुआ? मैं एक जीवविज्ञानी हूं जो प्राणियों में बालों को नियंत्रित करने वाले जीन का अध्ययन करती हूं। मनुष्य और कुछ अन्य प्राणी अपेक्षाकृत बाल रहित क्यों होते हैं, यह एक दिलचस्प सवाल है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कुछ जीन सक्रिय हैं या निष्क्रिय हो चुके हैं। बालों के लाभ- बाल और फर के कई महत्वपूर्ण काम हैं। वे जानवरों को गर्म रखते हैं, उनकी त्वचा को धूप व चोटों से बचाते हैं और उन्हें अपने आस-पास के माहौल में घुलने-मिलने में मदद करते हैं। वे परिवेश को महसूस करने में भी जानवरों की सहायता करते हैं। जब कोई चीज आपको छूने वाली हो तो क्या आपको कभी गुदगुदी महसूस हुई है? आपके बाल ही हैं जो आपको आस-पास की चीजों का पता लगाने में मदद करते हैं। मनुष्यों के शरीर पर बाल होते हैं, लेकिन यह आम तौर पर बालों वाले दूसरे प्राणियों की तुलना में कम घने और महीन होते हैं। एक उल्लेखनीय अपवाद हमारे सिर के बाल हैं, जो संभवतः खोपड़ी को धूप से बचाने का काम करते हैं। मानव वयस्कों में, बाहों के नीचे और पैरों के बीच विकसित होने वाले घने बाल संभवतः त्वचा के घर्षण को कम करते हैं और पसीने को फैलाकर ठंडक प्रदान करते हैं। तो बाल बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। मनुष्यों के पहले की तुलना में इतने ज्यादा बाल खोने के पीछे कोई मजबूत विकासवादी कारण रहा होगा। मनुष्य के बाल क्यों कम होते गए?- इसकी शुरुआत करीब 70 लाख साल पहले हुई, जब इंसानों और चिम्पांजी ने अलग-अलग विकासवादी रास्ते अपनाए। हालांकि वैज्ञानिक इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं हैं कि मनुष्यों के बाल कम क्यों हुए, लेकिन हमारे पास पसीने से जुड़े कुछ मजबूत सिद्धांत हैं। मनुष्यों में चिम्पांजी और अन्य प्राणियों की तुलना में पसीने की कहीं ज्यादा ग्रंथियां होती हैं। पसीना शरीर को ठंडा रखता है। जब आपकी त्वचा से पसीना बहता है, तो ऊष्म ऊर्जा आपके शरीर से बाहर निकल जाती है। यह शीतलन प्रणाली संभवतः शुरुआती मानवों के लिए महत्वपूर्ण थी, जो अफ्रीका के गर्म सवाना क्षेत्र में रहते थे। बेशक, इस समय गर्म जलवायु में रहने वाले बहुत से स्तनधारी जीव हैं, जिनके फर होते हैं। प्रारंभिक मनुष्य गर्मी में लंबे समय तक पीछा करके जानवरों को थकाकर शिकार करते थे। यह शिकार की एक दृढ़ रणनीति मानी जाती थी। मनुष्यों को शिकार किए गए जानवरों से ज्यादा तेज होने की जरूरत नहीं थी। उन्हें बस तब तक चलते रहना होता था जब तक कि उनका शिकार गर्मी और थकान के कारण भाग न सके। बहुत अधिक पसीना आने और घने बाल न होने के कारण यह सहनशीलता संभव हो पाई। बालों को नियंत्रित करने वाले जीन- स्तनधारियों में बालों की समस्या को बेहतर तरीके से समझने के लिए, मेरी शोध टीम ने 62 अलग-अलग स्तनधारियों की आनुवंशिक जानकारी की तुलना की, जिसमें मनुष्य से लेकर आर्मडिलोस, कुत्ते और गिलहरी शामिल हैं। इन सभी अलग-अलग प्रजातियों के डीएनए को एक साथ जोड़कर, हम शरीर के बालों को बनाए रखने या खोने से जुड़े जीन पर ध्यान केंद्रित कर पाए।

# एटली की फिल्म के लिए हीरोइन फाइनल, अब अल्लू अर्जुन के साथ रोमांस करेगी ये अभिनेत्री!



**एक** फिल्म जिसका पूरे देश को बेसब्री से इंतजार है, वह है अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म जिसे एटली द्वारा निर्देशित किया जाएगा। इस फिल्म की घोषणा कुछ दिनों पहले अभिनेता के जन्मदिन पर की गई थी। फिल्म से जुड़ी जानकारियां पाने के लिए फैंस भी काफी उत्साहित रहते हैं। वहीं, अब खबर है कि फिल्म के लिए मुख्य नायिका को चुन लिया गया है।

### मृणाल ठाकुर होंगी फिल्म का हिस्सा

एटली की फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ अभिनेत्री मृणाल ठाकुर नजर आएंगी। पीपिंगमून की रिपोर्ट के अनुसार, लीड फीमेल रोल के लिए मृणाल को चुना गया है। रिपोर्ट के अनुसार, वह इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के साथ रोमांस करती नजर आएंगी और अभिनेत्री ने गुरुवार को मुंबई में लुक टेस्ट दिया। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म में उनका लुक उनकी पिछली साउथ फिल्मों से अलग होगा।

### कई अभिनेत्रियों पर चर्चाएं जारी

मृणाल ही नहीं, फिल्म में अन्य महिला प्रधान भूमिकाएं भी होंगी। कथित तौर पर जान्हवी कपूर और दीपिका पादुकोण को भी फिल्म के लिए चुना जा रहा है और दीपिका एटली के निर्देशन में बनने वाली फिल्म को साइन करने के बहुत करीब हैं। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि मेकर्स प्रियंका चोपड़ा, श्रद्धा कपूर, सामंथा रुथ प्रभु, दिशा पटानी और जान्हवी कपूर पर विचार कर रहे हैं और अब मृणाल और दीपिका के नाम की खबरें आई हैं।

### आधिकारिक एलान का इंतजार

हालांकि, इन खबरों पर अल्लू अर्जुन या एटली की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। साथ ही अनाम फिल्म की आधिकारिक रिलीज की तारीख भी अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन कथित तौर पर फिल्म 2027 की शुरूआत में बड़े पर्दे पर आएगी। अनाउंसमेंट वीडियो के जरिए संकेत मिला था कि एटली और अल्लू अर्जुन फिल्म के प्री-प्रोडक्शन के लिए अमेरिका गए थे और हॉलीवुड फिल्मों पर काम कर चुके वीएफएक्स एक्सपर्ट्स से मिले थे।



# तैयारी कुछ अलग ही थी – श्रेया चौधरी

**फिल्म** इंडस्ट्री में कई बार प्लान बी की जरूरत पड़ सकती है, क्योंकि यहां एक काम के बाद दूसरे काम के मिलने की गारंटी नहीं होती है। वेब सीरीज 'बंदिश बैंडिट्स' की अभिनेत्री श्रेया चौधरी की तैयारी कुछ अलग ही थी।

अभिनेत्री श्रेया चौधरी बताती हैं, 'मैं जब स्कूल में थी तो उस वक्त बहुत योजनाएं बनाती थी कि 20 साल की उम्र में ये करना है, 25 तक करियर बनाना है, लेकिन जीवन आपको नए-नए मोड़ पर लाता रहता है। मेरे साथ वही हुआ है, मुझे नहीं पता था कि अभिनेत्री बनूंगी।

### किसने श्रेया की जिंदगी को किया प्रभावित?

श्रेया कहती हैं कि वह सपना था, लेकिन उस पर कभी उतना ध्यान नहीं दिया था। जिस दिन तय किया कि एक्टर बनना है, फिर सोते-जागते उसी के बारे में सोचा। इस कला ने मेरी जिंदगी को बहुत प्रभावित किया है।



प्रकृति के बाद अभिनय की कला खूबसूरत चीज है, जिसे मैं खुद कर पा रही हूं। यही कारण है कि मेरे पास प्लान बी नहीं रहा। अभिनेत्री श्रेया चौधरी आगे कहती हैं, '' हां, ऐसा जरूर है कि आप सोचते हैं कि मुझे सुरक्षित रहना है, क्योंकि मेरा परिवार है, उनका ध्यान रखना है। उस दिशा में थोड़ी योजनाएं चलती रहती हैं कि कैसे आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर रहूं, लेकिन उसके अलावा प्लान ए और बी यही है कि मैं अच्छा काम करती रहूं, जो हमेशा के लिए याद रखा जाए।''

### फिटनेस को लेकर हैं बेहद सतर्क

भले ही करियर को लेकर श्रेया योजनाएं नहीं बनाती हैं, लेकिन फिटनेस को लेकर वह खासा सतर्क रहती हैं। वह कहती हैं, 'मैंने जब फिटनेस का सफर शुरू किया था तो वह कठिन था। मेरा वजन बहुत ज्यादा था। कई सेहत संबंधी दिक्कतें हो रही थीं। तब लग रहा था कि कुछ नहीं होगा। फिर समझ आया कि निरंतरता का मेरी फिटनेस में अहम योगदान है। उस वक्त मैंने ठान लिया कि फिट होना है तो कोई रोक नहीं सकता है। यह प्रेरणा ऋतिक रोशन सर से मिली, क्योंकि उनकी कहानी को जाना। जब वो कर सकते हैं, तो मैं क्यों नहीं। उस प्रेरणा के साथ शुरू किया, तो पता चला कि यह जीवनशैली है, जिसे अपनाना होगा। मैं टीनएज से यह अभ्यास कर रही हूं, जो आज भी जारी है।

# मालविका मोहनन पुरुषों और महिलाओं में समानता की उम्मीद जता

**साउथ** ही नहीं बॉलीवुड फिल्मों में भी अभिनय कर चुकी अभिनेत्री मालविका मोहनन ने सिनेमा की दुनिया में नारीवाद को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि नारीवाद का मतलब है समानता।

अभिनेत्री मालविका मोहनन ने हॉटरफ्लाई को दिए इंटरव्यू में फिल्म इंडस्ट्री में महिला और परुषों की समानता के बारे में बात की। एक्ट्रेस से जब नारीवाद को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने इसके जवाब में कहा कि नारीवाद के बारे में लोग कई तरह का मतलब निकालते हैं। ऐसा कुछ नहीं है इसका सीधा सा मतलब है पुरुषों और महिलाओं में समानता। महिलाओं को सभी अधिकार मिलने चाहिए और उन्हें भी समान दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

### अभिनेत्री ने सभी से समानता की उम्मीद जताई

आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा कि वह उम्मीद करती है कि लोग महिलाओं और पुरुषों को समान रूप से देखेंगे और इसे अपने जीवन में शामिल करेंगे। इसके अलावा एक्ट्रेस ने महिलाओं के बारे में बात करते हुए कहा कि उनके साथ कॉलेज के दौरान कई लड़कियां पढ़ती थीं, लेकिन वो आज इंडस्ट्री में नहीं दिखती। इस बात पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि उन्हें काम करने का मौका मिलना चाहिए और उनके लिए सुरक्षा जैसे मानकों पर इंडस्ट्री को ध्यान देना चाहिए।

### मालविका मोहनन का वर्कफ्रंट

मालविका मोहनन के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह 'बाहुबली' फेम अभिनेता प्रभास के साथ फिल्म 'राजा साहब' में नजर आएंगी। इसके अलावा कार्थी के साथ भी एक फिल्म 'सरदार 2' में नजर आएंगी। साथ ही वह इस समय मलयालम फिल्म 'हृदयपूर्वम' में मोहनलाल के साथ अभिनय कर रही हैं। मालविका और मोहनलाल के बीच उम्र का बहुत बड़ा अंतर है, जहां मालविका 31 वर्ष की हैं, तो मोहनलाल 64 साल के हैं।



मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com